हमारी टीम महिला टी20 एशिया कप में किसी विशेष प्रतिद्वंद्वी को निशाने पर रखकर नहीं चल रही है और इसके बजाय वह अच्छा क्रिकेट खेलने पर ध्यान केंद्रित करेगी।क

– हरमनप्रीत कौर

भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान , एशिया कप में प्रबल दावेदारी को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **जवागल श्रीनाथ**

**भारत** के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ ने कहा है कि टी20 प्रारूप की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) महत्वपूर्ण है, लेकिन खेल में गहराई के लिए टेस्ट क्रिकेट जरूरी है। श्रीनाथ, इंदौर में मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बुधवार रात शामिल हुए। उन्होंने समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा, ''आईपीएल महत्वपूर्ण है। लेकिन अगर आपको खेल में गहराई चाहिए, तो यह पांच दिन के क्रिकेट में है। इसलिए टेस्ट क्रिकेट को सभी क्रिकेट प्रारूपों की जननी कहा जाता है।''

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय महिला हॉकी टीम की रानी रामपाल के नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक 120 गोल दर्ज हैं।

## दिनुषा के शतक से श्रीलंका ने बचाया कोलंबो टेस्ट, भारत ने 1-0 से जीती सीरीज

कोलंबो, 27 अगस्त। सोनल दिनुषा के शानदार नाबाद शतक की बदौलत श्रीलंका ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट को गुरुवार को ड्रॉ करा दिया। इसके साथ ही भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। भारत ने गाले में खेले गए पहले टेस्ट में 165 रनों की बड़ी जीत दर्ज की थी। पांचवें और अंतिम दिन श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 429/9 के स्कोर पर पारी घोषित किए बिना मैच ड्रॉ पर समाप्त किया।

दिनुषा 133 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने इस सीरीज में अपना तीसरा शतक लगाया। भारत ने पहली पारी में 503/9 पर पारी घोषित की थी, जिसके जवाब में श्रीलंका की टीम पहली पारी में 290 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इस तरह भारत को 213 रन की बढ़त मिली और श्रीलंका को फॉलोऑन खेलना पड़ा।

चौथे दिन का खेल खत्म होने तक श्रीलंका का स्कोर 229/6 था। पांचवें दिन दिनुषा और केशरा नुवानथा ने भारतीय गेंदबाजों को काफी देर तक परेशान किया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी कर श्रीलंका को संकट से बाहर निकाला।

नुवानथा ने 46 रन बनाए, जबकि दिनुषा ने 133 रन की नाबाद पारी खेलकर श्रीलंका की हार टाल दी। दिनुषा ने पहली पारी में भी 103 रन बनाए थे। इससे पहले गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में उन्होंने सीरीज का अपना पहला शतक लगाया था।

भारत की ओर से मानव सुथार ने 41 ओवर में 121 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि रवींद्र जडेजा ने 38.3 ओवर में 94 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

सोनल दिनुषा को प्लेयर ऑफ द मैच और देवदत्त पडीक्कल को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

## आईसीसी ने यूएई के बल्लेबाज आसिफ खान पर लगाया 15 महीने का प्रतिबंध

दुबई, 27 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने संयुक्त अरब अमीरात के बल्लेबाज आसिफ खान पर प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के मामले में 15 महीने का प्रतिबंध लगाया है। आसिफ ने प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है। जांच में उनके नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेस्टेरोलोन का मेटाबोलाइट पाया गया था। आसिफ पर लगाया गया प्रतिबंध 8 सितंबर, 2025 से प्रभावी माना गया है। इसी दिन उनका प्रतियोगिता से बाहर डोप परीक्षण किया गया था। उनका प्रतिबंध 7 दिसंबर 2026 तक चलेगा।

आसिफ ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद संयुक्त अरब अमीरात के लिए 38 एकदिवसीय और 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। उन्होंने आईसीसी एंटी-डोपिंग संहिता के अनुच्छेद 2.1 के उल्लंघन को स्वीकार किया है।

### महिला हॉकी विश्व कप में 5वें स्थान पर किया कब्जा

## जर्मनी को 3-1 से हराकर भारत ने रचा इतिहास

एम्स्टेलवीन, 27 अगस्त । भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को 3-1 से हराकर इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ भारत ने टूर्नामेंट में पांचवां स्थान हासिल किया, जो 1974 के बाद महिला विश्व कप में टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं, लेकिन तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने अपने खेल का स्तर पूरी तरह बदल दिया। इशिका ने शानदार गोल कर भारत का खाता खोला, जिसके तुरंत बाद नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त दोगुनी कर दी। भारतीय टीम ने यहीं रुकने के बजाय चौथे क्वार्टर में भी अपना दबदबा कायम रखा। 47वें मिनट में कप्तान सलीमा टेटे के शानदार पास पर नवनीत ने जर्मन डिफेंस को चकमा देते हुए अपना दूसरा गोल दागा और भारत को 3-0 की मजबूत बढ़त दिला दी। जर्मनी ने अंतिम क्षणों में वापसी की कोशिश की। 59वें मिनट में लिन क्रिंग्स ने गोल कर अंतर जरूर कम किया, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने आखिरी तक मजबूती से मोर्चा संभाले रखा। मुकाबला समाप्त होने से कुछ सेकंड पहले जर्मनी को पेनल्टी कॉर्नर भी मिला, मगर भारत ने उसे नाकाम कर 3-1 की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित कर ली।

इससे पहले, मैच के शुरुआती 30 मिनट बेहद प्रतिस्पर्धी रहे। जर्मनी ने अधिक गेंद पर कब्जा रखा, लेकिन भारतीय गोलकीपर और रक्षापंक्ति ने कोई बड़ा मौका नहीं दिया। भारत की ओर से बिचू देवी ने अहम बचाव किए, जबकि नवनीत, सलीमा टेटे और लालरेम्सियामी ने लगातार जर्मन गोल पर दबाव बनाए रखा।

भारत ने इस विश्व कप अभियान में छह मैचों में दो जीत, तीन ड्रॉ और सिर्फ एक हार दर्ज की। टीम को एकमात्र हार मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड्स के खिलाफ मिली। भारत ने चीन, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमों को ड्रॉ पर रोका, जबकि दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से हराकर विश्व कप की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

## ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम के खिलाफ बहु प्रारूप सीरीज के लिए भारतीय ए टीम घोषित

नई दिल्ली, 27 अगस्त। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया ए के भारत दौरे के लिए भारत ए की टी-20, एकदिवसीय और बहुदिवसीय टीमों की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलिया ए के दौरे पर तीन टी-20, तीन एकदिवसीय और एक बहुदिवसीय मुकाबला खेला जाएगा। तीन मैचों की टी-20 सीरीज न्यू चंडीगढ़ में होगी, जबकि तीन एकदिवसीय मुकाबले मोहाली के पीसीए स्टेडियम में खेले जाएंगे। दौरे का समापन धर्मशाला में होने वाले बहुदिवसीय मुकाबले से होगा।

**टी-20 टीम:** अनुष्का शर्मा (कप्तान), सयाली सतघरे (उपकप्तान), वृंदा दिनेश, सुजाता डे, तेजल हसबनीस, निक्की प्रसाद, शिप्रा गिरि (विकेटकीपर), श्वेता सहरावत, उमा छेत्री (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, मिन्नू मणि, वैश्णवी शर्मा, जिंतिमणि कलिता, शबनम शकील, सिमरन दिल बहादुर। **एकदिवसीय टीम:** यास्तिका भाटिया (कप्तान और विकेटकीपर), अनुष्का शर्मा (उपकप्तान), वृंदा दिनेश, प्रिया पुनिया, तनीषा सिंह, तेजल हसबनीस, निक्की प्रसाद, उमा छेत्री (विकेटकीपर), मिन्नू मणि, अमनदीप कौर, वैश्णवी शर्मा, सयाली सतघरे, जिंतिमणि कलिता, शबनम शकील, अक्षिता भगत। **बहुदिवसीय टीम:** यास्तिका भाटिया (कप्तान और विकेटकीपर), अनुष्का शर्मा (उपकप्तान), शुभा सतीश, प्रिया पुनिया, तनीषा सिंह, तेजल हसबनीस, निक्की प्रसाद, ममता माडीवाला (विकेटकीपर), सुश्री दिब्यदर्शिनी, शुचि उपाध्याय, वैश्णवी शर्मा, सयाली सतघरे, जिंतिमणि कलिता, शबनम शकील, अक्षिता भगत।

## ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए भारत की अंडर-19 टीम घोषित, सहवाग और द्रविड़ के बेटों को मौका

नई दिल्ली, 27 अगस्त। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के भारत दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम की घोषणा कर दी गई है। दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय और दो बहुदिवसीय मुकाबले खेले जाएंगे। भारतीय टीम में आर्यवीर सहवाग और अन्वय द्रविड़ जैसे चर्चित नामों को जगह मिली है। एकदिवसीय मुकाबलों के लिए लक्ष्य रायचंदानी को कप्तान और यशवर्धन चौहान को उपकप्तान बनाया गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग और अन्वय द्रविड़ भी टीम का हिस्सा हैं। **एकदिवसीय टीम :** लक्ष्य रायचंदानी (कप्तान), यशवर्धन चौहान (उपकप्तान), रजत बघेल (विकेटकीपर), आर्यवीर सहवाग, वीके विनीत, कुशाग्र ओझा, अर्जुन राजपूत, मनाल चौहान, अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर), वी. यशवीर, रोहित यादव, शाविन विनोद, मोहित उलवा, चिगुरुपति वेंकट और काव्या पटेल। **मल्टी-डे मुकाबलों के लिए भारत की अंडर-19 टीम:** यशवर्धन चौहान (कप्तान), लक्ष्य रायचंदानी (उपकप्तान), सागर विर्क, कुशाग्र ओझा, मनाल चौहान, कुश पटेल, मानव कृष्णा (विकेटकीपर), अभिप्राय विश्वास (विकेटकीपर), रोहित यादव, ईशान ओम, अयान अकरम, प्रणव राघवेंद्र, प्रियांशु सिंह, मोहित उलवा, आर्यन यादव।

## उरुग्वे से 6 अक्टूबर को कोलकाता में भिड़ेगी भारतीय फुटबॉल टीम

नई दिल्ली, 27 अगस्त। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम 6 अक्टूबर को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में दो बार की फीफा विश्व कप चैंपियन उरुग्वे के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबला खेलेगी। यह मुकाबला भारत के लिए इस अंतरराष्ट्रीय विंडो में तीसरा बड़ा मैत्री मैच होगा। भारतीय टीम 26 सितंबर को बेंगलुरु में पनामा और 3 अक्टूबर को कोलकाता में पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील का सामना करेगी।

## परीक्षा कलेण्डर से बम्पर भर्तियों तक राज्य सरकार ने किया युवाओं की हर अपेक्षा को पूरा : भजनलाल शर्मा

जयपुर, 27 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित माय भारत खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर के सुबोध पीजी कॉलेज से इस कार्यक्रम से वीसी के माध्यम से जुड़े और प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। युवाओं के धैर्य, आत्मविश्वास और अथक परिश्रम से ही विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है और अब गांव-गांव की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस उनके अद्वितीय योगदान और खेल के प्रति समर्पण को याद करने का अवसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद देश में खेल परिदृश्य में बदलाव आया है। प्रधानमंत्री ने युवाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह साकार हो रहा है। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरे स्थान की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 50 खेलो इंडिया केन्द्र स्थापित किए गए हैं तथा सवाई मानसिंह स्टेडियम में एथलेटिक्स, तीरंदाजी और बॉक्सिंग के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस व जयपुर में लगभग 101 करोड़ रुपये की लागत से महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय की स्थापना भी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 186 खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में नियुक्तियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 3 हजार 540 खिलाड़ियों को लगभग 52 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन एवं सहायता राशि प्रदान की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 का सफल आयोजन किया गया। सात शहरों में आयोजित इन खेलों में 222 विश्वविद्यालयों के लगभग 7 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 में राजस्थान के खिलाड़ियों ने कुल 60 पदक जीतकर देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली अरुंधति चौधरी और कांस्य पदक जीतने वाले यशवीर सिंह की सराहना करते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

## राजस्थान जूनियर फुटबॉल टीम की घोषणा एवं किट वितरण समारोह

जयपुर, 27 अगस्त। आगामी जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए राजस्थान जूनियर फुटबॉल टीम की घोषणा कर दी गई है। प्रतियोगिता का आयोजन नारायणपुर, छत्तीसगढ़ में हो रहा हैं। आज राजस्थान टीम की घोषणा की गई । ऋषिराज, बृजेश, मोहित, आसू, अमन, अभिषेक, आवेश, सुजल, हर्षवर्धन, सैजान, प्रेम, खुशाल, रणंजय, केसरी प्रताप, यशवंत, अरमान, जॉयरिंग, चंद्रेश, सुमित एवं भारत सिंह को शामिल किया गया है। टीम का कप्तान मोहित तथा उपकप्तान ऋषिराज को बनाया गया है। टीम के कोच देवेंद्र सिंह भाटी मैनेजर नीरज चौधरी तथा फिजियो फराज खान रहेंगे।

बैंक ने युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में अपना सहयोग दिया है। टीम की किट स्पॉन्सर कर राजस्थान के उभरते फुटबॉल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया है। इस अवसर पर खिलाड़ियों को टीम की नई किट वितरित की गई । बालिका फुटबॉल अकैडमी की बच्चियों ने राजस्थान जूनियर फुटबाल टीम को राखी बांधकर और मिठाई खिलाकर त्यौहार मनाया

समारोह में राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत,एयू बैंक की ओर से सचिन चौधरी, पचार ग्रुप के डायरेक्टर जितेंद्र सिंह पचार, साई सेंटर के कोच सुभाष जी , उपस्थित रहे । टीम प्रशिक्षण कैंप 15 दिनों तक कोच देवेंद्र सिंह के द्वारा लिया गया । प्रतियोगिता में राजस्थान का पहला लीग मैच 1 सितंबर को झारखंड के साथ होगा। इसके बाद 3 सितंबर को बिहार और 5 सितंबर को उत्तराखंड के खिलाफ राजस्थान की टीम मैदान में उतरेगी।

## चेल्सी छोड़ नॉटिंघम फॉरेस्ट से पांच साल के अनुबंध पर जुड़े लियाम डेलाप

नॉटिंघम, 27 अगस्त। इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब नॉटिंघम फॉरेस्ट ने स्ट्राइकर लियाम डेलाप को चेल्सी से पांच साल के अनुबंध पर अपने साथ जोड़ा है।

क्लब ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर करार की पुष्टि की। 23 वर्षीय डेलाप ने पिछले सत्र में चेल्सी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 47 मुकाबले खेले, जिसमें पांच मैच चैंपियंस लीग के थे। उन्होंने बार्सिलोना के खिलाफ चेल्सी की 3-0 की जीत में अपना पहला चैंपियंस लीग गोल किया था।

## कैरोलिना मुचोवा और जाकुब मेंसिक ने जीता यूएस ओपन मिश्रित युगल का खिताब

न्यूयॉर्क, 27 अगस्त। चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा और जाकुब मेंसिक ने बेलिंडा बेनचिच और इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-3, 1-6, 10-6 से हराकर यूएस ओपन 2026 का मिश्रित युगल खिताब जीत लिया। यह जोड़ी का साथ में पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। आर्थर ऐश स्टेडियम में स्थानीय समयानुसार बुधवार को खेले गए मुकाबले में मुचोवा और मेंसिक ने शानदार शुरुआत की। तेज सर्विस के लिए मशहूर मेंसिक ने सेट प्वाइंट पर बेनचिच के खिलाफ ऐस लगाकर पहला सेट 30 मिनट से भी कम समय में अपने नाम किया।

दूसरे सेट में बेनचिच ने 3-1 की बढ़त हासिल करने के लिए सर्विस ब्रेक किया। इसके बाद उनके फोरहैंड से निकली गेंद नेट कॉर्ड से टकराकर मुचोवा की पहुंच से दूर चली गई और स्विस खिलाड़ी ने मैच बराबर कर दिया। निर्णायक 10 अंकों के टाईब्रेक में मेंसिक की दमदार सर्विस और नेट पर उनके शानदार खेल ने चेक जोड़ी को बढ़त दिलाई। 20 वर्षीय मेंसिक ने शानदार वॉली लगाकर अपनी टीम को 8-4 से आगे किया।

## जयपुर की सब-जूनियर बालिका टीम बनी उपविजेता, चूरू और करौली ने जीते खिताब

जयपुर, 27 अगस्त। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव शौकत अली मंसूरी के अनुसार 9वीं सीनियर एवं 8वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रदेशभर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान कई मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। प्रतियोगिता में जयपुर की सब-जूनियर बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। फाइनल में जयपुर को चूरू के हाथों हार का सामना करना पड़ा। फाइनल में चूरू और टोंक के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। चूरू ने 33-35, 35-25, 35-22 से जीत दर्ज कर सीनियर महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

**सीनियर महिला वर्ग में :** प्रथम स्थान चूरू, द्वितीय टोंक तथा तृतीय स्थान चित्तौड़गढ़ एवं बीकानेर की टीम ने प्राप्त किया।

**सब-जूनियर बालक वर्ग में करौली चैंपियन :** फाइनल मुकाबले में करौली और ब्यावर के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। करौली ने 35-31, 36-24 से जीत दर्ज करते हुए सब-जूनियर बालक वर्ग का खिताब हासिल किया।

**सब-जूनियर बालिका वर्ग में चूरू विजेता, जयपुर उपविजेता :** फाइनल मुकाबले में जयपुर और चूरू की टीमें आमने-सामने रहीं। चूरू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जयपुर को 35-18, 35-25 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस प्रकार सब-जूनियर बालिका वर्ग में चूरू प्रथम, जयपुर द्वितीय तथा टोंक एवं भीलवाड़ा तृतीय स्थान पर रहे। जयपुर की टीम का उपविजेता रहना जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर एसएमएस स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

## एसएमएस क्लब और हैंडबॉल ने जीते रस्सा-कस्सी के खिताब

जयपुर, 27 अगस्त। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुरुवार को रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता में एसएमएस क्लब ने पुरुष वर्ग में और हैंडबॉल ने महिला वर्ग में खिताब जीता। ख़िताबी मुक़ाबला राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव श्री राजकेश मीणा ने शुरू करवाया। इस अवसर पर वरिष्ठ खेल अधिकारी श्री करण सिंह शेखावत भी मौजूद थे। रस्सा-कस्सी के पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में एसएमएस क्लब ने यूथ क्लब को 2-0 से तथा आरएसएससी ने रॉयल क्लब को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, महिला वर्ग के सेमीफाइनल में वॉलीबॉल ने एथलेटिक्स को 2-0 से और हैंडबॉल ने बास्केटबॉल को 2-0 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 04 और महिला वर्ग में 05 टीमों ने भाग लिया। वही पुरुष हॉकी के सेमीफाइनल मुकाबले में हॉकी अकादमी ने एसएमएस क्लब को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हॉकी का फाइनल मुकाबला 29 अगस्त को खेला जाएगा। हॉकी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 04 और महिला वर्ग में 03 टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में एमजीजीएस दुर्गापुरा ने सेंट जोसफ अकादमी को 5-4 से हराया, जबकि पुरुष वर्ग में स्टार क्लब ने रॉयल क्लब को 1-0 से मात दी।

## खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, जीवन जीने की कलाः राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर, 27 अगस्ताराष्ट्रीय खेल सप्ताह के अंतर्गत चल रहे खेल कार्यक्रमों के अवसर पर एमएनआईटी में ''खेलो इंडिया संवाद - खेलों की बात पीएम मोदी के साथ'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में युवा मामले एवं खेल मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों को खेलों के महत्व, अनुशासन, निरंतर मेहनत और खेल भावना का संदेश दिया। इस अवसर पर एमएनआईटी के निदेशक डॉ. नारायण प्रसाद पाधी, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजकेश मीणा, एनएसएस के निदेशक एसपी भटनागर, वरिष्ठ खेल अधिकारी करण सिंह शेखावत आदि भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न खेलों के पूर्व एवं वर्तमान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और पदक विजेताओं ने भाग लिया। पद्मश्री श्रीराम सिंह शेखावत, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी शालिनी पाठक, अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता शूटर मानिनी कौशिक, कबड्डी खिलाड़ी नैतिक शौकर, शूटिंग खिलाड़ी दीपेन्द्र शेखावत, देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हैंडबॉल खिलाड़ी रविन्द्र पाल सिंह, करण सिंह शेखावत, रोहिताश्व, पूजा कंवर, वर्षा जाखड़, कनिका रॉय, रुक्मणी बिट्टू, अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट फतेह सिंह, ताइक्वांडो खिलाड़ी नितिन जोलिया व ट्यूलिप ओझा आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि 2036 ओलंपिक की तैयारियों के तहत प्रधानमंत्री ने टैलेंट हंट की घोषणा की है। इस पहल के तहत 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों की शारीरिक प्रतिभा की पहचान की जाएगी। इसके बाद चयनित प्रतिभाओं को खेलों से जोड़ा जाएगा और उन्हें उचित प्रशिक्षण एवं पोषण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि अगले 10 से 15 वर्षों में वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, विशेषकर ओलंपिक में पदक जीतने के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों को याद किया। उन्होंने बताया कि 1936 के बर्लिन ओलंपिक के हॉकी फाइनल में भारतीय टीम ने जर्मनी को 8-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

## भारतीय अंडर-15 विश्व कप शिविर के ट्रायल के लिए चयनित हुए रनंजय सिंह भाटी

जयपुर, 27 अगस्त। रॉयल फुटबॉल क्लब, जयपुर की अंडर-15 टीम के कप्तान एवं प्रतिभाशाली युवा फुटबॉल खिलाड़ी रनंजय सिंह भाटी का भारतीय अंडर-15 फीफा विश्व कप शिविर के ट्रायल के लिए चयन हुआ है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित ये ट्रायल बेंगलुरु में आयोजित किए जा रहे हैं।

क्लब के मुख्य प्रशिक्षक ने बताया कि रनंजय सिंह भाटी की कप्तानी में रॉयल फुटबॉल क्लब ने इसी वर्ष राजस्थान अंडर-15 यूथ लीग 2025 का खिताब अपने नाम किया तथा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ यूथ लीग 2026 के लिए भी क्वालीफाई किया है। उनकी नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और खेल प्रतिभा ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। क्लब के निदेशक डॉ. दिलीप सिंह चुंडावत ने बताया कि रनंजय सिंह भाटी पिछले दो वर्षों से रॉयल फुटबॉल क्लब में नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने रनंजय के भारतीय अंडर-15 विश्व कप शिविर के ट्रायल के लिए चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्लब और जयपुर के लिए गौरव का विषय बताया। जिला फुटबॉल संघ जयपुर के पूर्व सचिव अब्दुल जब्बार ने भी बधाई दी।

## राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर ट्रॉफी : जगदीश चौधरी, रक्षित श्रीमाल, गिरीश चौधरी, ऋषभदेव जांगिड़ के शतक

### जयपुर, जोधपुर, सवाईमाधोपुर, झुंझनू, उदयपुर, भरतपुर, बूंदी, हनुमानगढ़ ,बाड़मेर जीती

जयपुर, 27 अगस्त। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर ट्रॉफी के आज खेले गए लीग मैचों के परिणाम :- जगदीश चौधरी , रक्षित श्रीमाल , गिरीश चौधरी , ऋषभदेव जांगिड़ के शतक , सुमित सैनी , मयंक , दक्ष बंसल के पांच विकेट।

**जयपुर - कोटा मैच** (जयपुर जीती), कोटा पारी 136 आल आउट। टीम के लिए एकांशशर्मा 41 रन। जयपुर के गेंदबाज रचित खंडेलवाल 36 /4 , प्रखर शर्मा 23 /3 व अविनाश 24 /2 विकेट। जयपुर पारी 137 /3 , टीम के लिए गौरव सैनी 46 , शिफॉन खान 36 व अभय शर्मा 27 रन।

**जोधपुर - भीलवाड़ा मैच** ( जोधपुर जीती ), जोधपुर पारी 258 आल आउट , टीम के लिए जगदीश चौधरी 103 , कृष्णा सिंह 62 व वैभव राजपुरोहित 45 रन। भीलवाड़ा के गेंदबाज अनिल दारा 42 /4 , कुशाग्र ओझा , दिव्यांश करोल 2 -2 विकेट। भीलवाड़ा पारी 114 आल आउट , टीम के लिए शौर्य 37 रन। जोधपुर के गेंदबाज सौभाग्य सिंह भाटी 31 /4 , पुरषोत्तम , जगदीश , अनुराग 2 -2 विकेट।

**सवाई माधोपुर - धौलपुर मैच** (सवाई माधोपुर जीती), सवाईमाधोपुर पारी 283 /4,टीम के लिए रक्षितश्रीमाल126, कैफ मिर्ज़ा 88 व कृष्णकुमार गुप्ता नाबाद 29 रन।

धौलपुर के गेंदबाज तरुण कुमार 61 /2 विकेट। धौलपुर पारी126 आल आउट , टीम के लिए तरुण कुमार 61 रन। सवाईमाधोपुर के गेंदबाज कृष्ण कुमार गुप्ता 27 /4 व विवेक गौतम 12 /2 , कुशाग्र उपाध्याय 17 /2 विकेट।

**जैसलमेर - बाड़मेर मैच** (बाड़मेर जीती), जैसलमेर पारी 73 आल आउट , टीम के लिए शुभम 25 रन। बाड़मेर के गेंदबाज सुमित सैनी 14 /5 , जगदीश , भावेश 2 -2 विकेट। बाड़मेर पारी 75 /1 , टीम के लिए स्वरुप 41 रन।

**भरतपुर -बीकानेर मैच** ( भरतपुर जीती ), भरतपुर पारी 282 /8 , टीम के लिए गिरीषचौधरी 116 ,ध्रुव 86 व देवान्कसिंगोदिया54 रन। बीकानेर के गेंदबाज सुमित तेजी 47 /4 व रोहित 37 /2 विकेट। बीकानेर पारी 149 आल आउट , टीम के लिए पवन कुमार 46 रन। भरतपुर के गेंदबाज सुमित शर्मा 11 /3 , अनमोल , पुनीत 2 - 2 विकेट।

**झुंझनू- राजसमंद** ( झुंझनूजीती ), झुंझनूपारी 266 /8 , टीम के लिए ऋषभदेव जांगिड़ 101 , हर्षवर्धन 49 रन। राजसमंद के गेंदबाज सुमित साल्वी 38 /3 , दक्ष , दिलेक 2 -2 विकेट। राजसमंद पारी 119 आल आउट , टीम के लिए अंकित 41 रन। झुंझनूके गेंदबाज मयंक 27 /6 ,पियूषदहिया 29 /2 विकेट।

**बूंदी - प्रतापगढ़ मैच** ( बूंदी जीती ), बूंदी पारी 149 आल आउट , टीम के लिए देवेश 57 रन। प्रतापगढ़ के गेंदबाज मनन तापड़िया 20 /3 , हर्ष डांगी 58 /3 व पियूष 2 विकेट। प्रतापगढ़ पारी 130 आल आउट। बूंदी के गेंदबाज सिद्धांत सोनी 36 /4 , निशांत 11 /3 व जसकिरण 35 /2 विकेट।

**श्रीगंगानगर - उदयपुर मैच** ( उदयपुर जीती ), श्रीगंगानगर पारी 201 आल आउट , टीम के लिए आदित्य भाम्भू 94 , जशनदीप 42 रन। उदयपुर के गेंदबाज चित्राक्ष 28 /4 , मानविक , गर्वितजैन 2 -2 विकेट। उदयपुर पारी 205 /6 , टीम के लिए गर्वितजैन 90 , समर 43 व ज़फर 42 रन। श्रीगंगान